No. of Printed Pages/Questions: 1 / 2

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round –I) 2026 – 2027

Class - VII | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hrs.

Name: _____ | Roll No.:_____

प्र01 गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए **1X5=5**

मनुष्य के मस्तिष्क की तुलना हम कम्प्यूटर से कर सकते हैं। कम्प्यूटर में जो फीड करते हैं, वही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अंतर इतना है कि फीड करने वाले केवल हम नहीं होते, बहुत सारे लोग होते हैं। तरह–तरह की जानकारियों का भंडार होता है कम्प्यूटर में मानव मस्तिष्क भी अपने चारों ओर से बहुत कुछ ग्रहण करता है। जो वह सुनता है, देखता है या महसूस करता है– वह सब उसके मस्तिष्क में संग्रहित हो जाता है। हम सब चाहते हैं कि हमारा जीवन सुख शांति से परिपूर्ण हो, हम आशावान रहें और सफलता के नए–नए शिखरों को छुएँ। यह कहना आसन है, किंतु करना सरल नहीं। सबसे पहले तो हमें अपने वातावरण के प्रति सतर्क रहना होगा। सही सुनने, सही देखने की आदत डालेंगे, तभी सही सोचेंगे, सही बोलेंगे और करेंगे। सत्–संगति हमारे जीवन को सँवार सकती है और कुसंगति गर्त में डुबा सकती है। कम्प्यूटर में डिलीट करने की सुविधा रहती है, किंतु मानव मस्तिष्क से अनचाहे को मिटाना सरल नहीं होता। इसलिए हमें इस बात के लिए बहुत सावधान रहना चाहिए कि हम कैसे व्यक्तियों और वातावरण के बीच हैं।

क मनुष्य के मस्तिष्क की तुलना कम्प्यूटर से क्यों की गई है ?

अ हमारा मस्तिष्क बहुत जटिल है।

ब मस्तिष्क में सारी जानकारियाँ फीड हो जाती हैं।

स मस्तिष्क बहुत तेज़ी से काम करता है।

द मस्तिष्क से हम जो चाहे करवा सकते हैं।

ख हम सब जीवन में क्या चाहते हैं ?

अ सुख–शांति

ब आशावान बने रहना

स सफलता

द ये सभी

ग जीवन में सुख–शांति और सफलता कैसे प्राप्त हो सकती है ?

अ सही बोलने से

ब सही सुनने से

स सही देखने से

द सही वातावरण में रहने से

घ इनमें से विदेशी शब्द का उदाहरण नहीं है–

अ कम्प्यूटर ब डिलीट

स फीड द जीवन

ङ) (III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : मनुष्य के मस्तिष्क की तुलना हम कम्प्यूटर से कर सकते है।

कारण (R) : कम्प्यूटर में मानव मस्तिष्क भी अपने चारों ओर से बहुत कुछ ग्रहण करता है।

(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **1X5=5**

क) **'निश्चय '** एवं **'नमस्कार'** का संधि विच्छेद कीजिए।

ख) **'सम् +वाद '** एवं **'सम् +हार '** शब्दों की संधि कीजिए।

ग) **'मनोहर '** का संधि विच्छेद कीजिए।

घ) **'उल्लास'** का संधि विच्छेद कर भेद लिखिए।

ङ) **'दिग्गज'** किस संधि का उदाहरण है ? नाम लिखिए।

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई तीन) **2X3=6**

क) माँ अपने बेटे को करूणा और न्याय की कहानी क्यों सुनाती है ?

ख) 'माँ कह एक कहानी' पाठ के आधार पर बताइए कि उपवन में सहसा हंस नीचे क्यों गिरा ?

ग) पिताजी के स्वर्ग सिधार जाने के बाद तीनों भाइयों ने क्या–क्या काम करने का निश्चय किया ?

घ) राजा ने तीनों भाइयों की बुध्दिमत्ता पर क्यों विश्वास किया ?

प्रश्न 4 विद्यालय में खेल–सामग्री की कमी होने के कारण खेलने में होने वाली असुविधा के बारे में बताते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5X1=5**

अथवा

आप समीर/सीमा हैं। आपका मित्र ओलंपिक गेम्स में चयनित हुआ है। इस शुभ अवसर पर अपने मित्र को पत्र लिखकर बधाई दीजिए।

————000————